दैनिक जागरण 09-11-2023

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में छाया जीएमएन कालेज

जागरण संवाददाता, अंबाला : पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला सिटी द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया ।

इस प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। बुधवार को कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डा. एसएस नैन को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।नैन ने बताया कि जीएमएन कालेज के एमए पालिटिकल साइंस के प्रथम वर्ष के छात्र धर्मेंद्र कुमार व लवकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों को एसपी एवं डीएसपी अंबाला,द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया की इन विद्यार्थियों का चयन पहले कालेज लेवल, उसके बाद ब्लाक लेवल पर किया गया था। ब्लाक लेवल का आयोजन एसडी कालेज अंबाला कैंट में करवाया गया था, जिसमें इन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर जिला लेवल पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना चयन करवाया था।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति